तेरे रंग में रंगा हर जमाना मिले

तेरे रंग में रंगा हर जमाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले ||

सारे जग में तेरा ही तो एक नूर है,

मेरा कान्हा भी तुझसे ही मशहूर है।

बद किस्मत है वो जो तुझसे दूर है,

तेरा नाम का हर मस्ताना मिले ,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले ||

तेरी रहमत के गीत गाने आया हूँ मैं,

कई गुनाहों की सौगात लाया हूँ मैं ।

कर दो करुणा जगत का सताया हूँ मैं,

रहमत का ईशारा नजराना मिले ।

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले ||

तेरी पायल बंसी उनकी बजती रहे,

जोड़ी प्रीतम प्यारे की सजती रहे ।

तेरे रसिको पे छाई ये मस्ती रहे,

मेरे चरणों की रज में ठिकाना मिले ।

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले ||

तेरा बरसाना राधे मेरी जान है,

मेरे अरमानो की आन है शान है।

तेरी गलियों पे चाकर ये कुर्बान है,

गाउँ जब भी तेरा अफसाना मिले ।

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले ||

खुश रहे तू सदा ये दुआ है मेरी,

बरसाना फले ये सदा है मेरी ।

तेरे चरणों में रहना सजा है मेरी,

रवि रस का सदा ही दीवाना मिले ।

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले ||

तेरे रंग में रंगा हर जमाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले,

मैं जहाँ भी रहूँ बरसाना मिले ||